DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS नवभारत टाइम्स www.nbt.in
नई दिल्ली । मंगलवार, 30 दिसंबर 2025

नमो भारत, हॉट एयर बलून... 2025 के रहे ये खास गिफ्ट

2026 शुरू होने जा रहा है। जाहिर है कि हर साल की तरह इस साल भी दिल्ली के लोगों को कई सारी नई सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। मगर 2025 भी इस मामले में कोई बहुत खराब साल नहीं रहा। इस साल भी लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, परिवहन, मनोरंजन के लिए कई सारी सुविधाओं का तोहफा मिला, जिससे लोगों को कई फायदे हुए। क्या-क्या नई सुविधाएं देखने जा रहा है 2025? बता रहे हैं NBT रिपोर्टर पूनम गौड़, कात्यायनी, प्राची यादव, बृजेश सिंह, राहुल आनंद और सुदामा यादव...

अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क और यमुना वाटिका का गिफ्ट

इस साल यमुना बाढ़ क्षेत्र में अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क और यमुना वाटिका भी लोगों को मिले। पार्क 90 एकड़ में फैला है। इस पार्क में 14,500 पेड़, 19 हजार झाड़ियां लगाई गई हैं। पार्क में करीब 6 जलाशयों में 225 मिलियन लीटर पानी स्टोर किया जा रहा है। यहां चीन, अजेरा, पिलखन, पिलमिल, खस, आम, महुआ, अशोक, अर्जुन, बांस, गेंदाफूल बाइन के पेड़ लगाए गए हैं। वहीं पर यमुना किनारे यमुना वाटिका भी शुरू की गई है।

दिल्ली हाई कोर्ट मोबाइल ऐप लोगों को देगा काफी राहत

इस ऐप को उपयुक्त वकीलों ने शामिल करने लोगों की मदद के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें जज, वकील एडवोकेट, एडवोकेट, लिटिगेंट्स कार्ड बार्ड, आम जनता और अदालत के कर्मचारी शामिल हैं। एडवोकेट/लिटिगेंट्स यूजर्स अपने केसस्टेटस चेक कर इलेक्ट्रॉनिक कॉपी डाउनलोड कर सकते हैं और अपने केस का पूरा ब्यौरा देख सकते हैं, या केस जोड़ सकते हैं, आदेश और केस डिटेल देख सकते हैं और अपने वकील को कॉल डिस्ट्रक्ट अदालतों से बुक कर सकते हैं।

दिल्ली में दौड़ी हाई-स्पीड ट्रेन 'नमो भारत'

दिल्ली में मेट्रो का परिचालन 2002 से हो रहा है लेकिन इस साल हाई स्पीड नमो भारत ट्रेन भी दिल्ली वासियों को मिल गई। 5 जनवरी 2025 को हाई-स्पीड ट्रेन 'नमो भारत' ट्रेन को दिल्ली में हरी झंडी दिखाई गई। पीएम ने खुद इसी वंदे ट्रेन दिल्ली से आनंद विहार से न्यू अशोक नगर के बीच सफर किया है। बताया गया है कि आनंद विहार और न्यू अशोक नगर में नमो भारत ट्रेन दिल्ली मेट्रो के नेटवर्क से भी जुड़ गई है।

बांसेरा में हॉट एयर बलून की सवारी

सफर करते वक्त लिया डीडीए के बांसेरा पार्क में पिछले महीने हॉट एयर बलून की सुविधा शुरू की गई है। यह दिल्ली में अपनी तरह की पहली हॉट एयर बलून राइड सर्विस है। अभी तक इसका मजा लेने के लिए लोगों को दिल्ली से बाहर जाना पड़ता था। इस राइड में 150 सीट की कंपनी से मथुरा और दिल्ली की खूबसूरती देखने का मौका मिलता है। हर राइड 7 से 12 मिनट की है।

2300

रुपये की व्यक्ति के करीब खर्च है, जो बिस्वजरह के बाद है। वीकेंड पर शाम के समय लोग इस राइड का लुत्फ उठा सकते हैं। बांसेरा पार्क में बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों और पैकेज की सुविधा भी इस साल से शुरू हुई है।

बेतहाशा फीस की बढ़ोतरी रोकने के लिए बना कानून

प्राइवेट स्कूलों में मनमानी फीस बढ़ाने की शिकायतों को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार इस साल 'दिल्ली स्कूल एजुकेशन ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस 2025' कानून लेकर आई। सितंबर से फीस तय होने के चार महीने बाद दिसंबर में इस कानून के नियमों का ब्यौरा दिया गया। इसे 2025-26 सेशन से लागू माना जाएगा। इसके तहत स्कूल स्तर की कमेटी बनाई जाएगी, जो इस बात की जांच करेगी कि फीस कितनी बढ़ेगी। इसमें पैरेंट्स भी शामिल होंगे।

शुरू हुई आरंभ लाइब्रेरी, कैफेटेरिया और इंटरनेट भी

पिछले साल श्रीनगर के दौरान राजेंद्र नगर के एक अर्बनाइजेशन कॉमन सेंटर में हुए बवाल हादसे के बाद दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना की पहल पर डीडीए ने इस साल कमेटी गठन की और अपनी पहली लाइब्रेरी 'आरंभ' की शुरुआत की। इसके बाद अब तक इस तरह की छह लाइब्रेरीज अलग-अलग जगहों पर खुल चुकी हैं। ये लाइब्रेरीज सातों दिन और वीकेंड्स पर खुलती हैं। इनमें कैफेटेरिया और इंटरनेट उपलब्ध है।

मिनी इलेक्ट्रिक बसें शहर की सड़कों पर उतरीं

लंबी सड़कों वाले दिल्ली के विस्तारित इलाकों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा बढ़ाने के लिए दिल्ली सरकार ने डीटीसी और क्लस्टर बस स्कीम के तहत इस साल पहली बार Devi स्कीम के तहत दिल्ली की सड़कों पर 9 सीटर सभी इलेक्ट्रिक बसें उतारीं। अगस्त 2025 में अब तक कुल 750 से ज्यादा ऐसी बसें सड़कों पर उतारी जा चुकी हैं। इनके आकार बड़ी सड़क वाली बसों से बड़ी लगभग 9 डीटीसी के बेड़े में शामिल हुई।

वॉल्ड सिटी में क्रांति उद्यान, सद्भावना पार्क की सौगात

इस साल पुरानी दिल्ली (वॉल्ड सिटी) के लोगों को क्रांति उद्यान और सद्भावना पार्क का तोहफा मिला। रिंग रोड पर वॉल्ड सिटी के मकबराबाद 12 एकड़ में ये दोनों पार्क फैले हुए हैं। रिंग रोड के पूर्वी हिस्से में सब्जी मंडी, पश्चिम के दूसरी ओर ये पार्क बनाए गए हैं। इसमें वरिष्ठजन और युवाओं दिल्ली के लोगों को घूमने-फिरने के लिए एक खूबसूरत जगह मिल गई है।

पीएम श्री स्कूल की तर्ज पर खुले 75 सीएम श्री स्कूल

दिल्ली सरकार ने अकादमिक साल 2025-26 में 75 सीएम श्री स्कूल शुरू किए, जिनके तहत टू एजुकेशन अधिनियम, 2009 के तहत डिस्ट्रिक्ट कमेटी के स्कूल शामिल किए गए हैं। पीएम श्री स्कूल की तर्ज पर बने सीएम श्री स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पढ़ाई पर ध्यान दिया जाएगा। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम और इंटरैक्टिव इंफ्रास्ट्रक्चर होंगे। एक्सपीरियंस लेबल होंगे।

'अटल कैंटीन' में 5 रुपये की थाली

गरीब दलितों और मजदूर वर्ग के लोग सस्ता के साथ बैठकर भोजन कर सकें और उन्हें सेहत हिफाजती खान मिल सके, इसके लिए दिल्ली सरकार ने दिसंबर में ही अटल कैंटीन योजना को भी मुहैया करा दी है। अभी 45 जगहों पर ये कैंटीन खोले गए हैं, जिनमें सुबह-शाम दुपहर भोजन में लोगों को महज 5 रुपये में खाने की थाली मिलेगी।

मेट्रो में ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम

दिल्ली मेट्रो में ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम को लागू किया गया है। इसमें यात्री को टिकट खरीदने के बाद उसे स्टेशन पर लगे मशीन में टच करना होगा। इसके बाद ही यात्री को प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति मिलेगी। इसके बाद यात्री को मशीन में टच करना होगा। इसके बाद ही यात्री को प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति मिलेगी। इसके बाद यात्री को मशीन में टच करना होगा।

स्वास्थ्य सुविधाओं को लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर

आयुष्मान योजना को लागू करने के बाद दिल्ली सरकार ने बेसिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इसी साल से आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने की शुरुआत कर दिए हैं। इसके लिए मौजूदा मोहल्ला क्लिनिकों को U-RAHC योजना में अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया। इस योजना के तहत दिल्ली के हर इलाके में पहुंच केयर मजबूत करना है।

आयुष्मान भारत स्कीम राजधानी में हुई लॉन्च

दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनते ही कैबिनेट की पहली ही बैठक में दिल्ली सरकार ने इस योजना को हरी झंडी देने के बाद 10 अप्रैल को आयुष्मान भारत स्कीम अधिकारिक तौर पर लागू कर दी। इसके तहत दिल्ली के लगभग 36 लाख लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा। फैमिली फोकस्ड को 5 लाख रुपये तक का बीमा कवर मिलता है, जो केंद्र सरकार की तरफ से दिया जाता है।

नए रंग में खुला रोशनआरा क्लब

भारतीय क्रिकेट और बॉलीवुड की जगमगाहट वाले रोशनआरा क्लब को डीडीए ने इसी साल नया-नवेला कर पेशकश किया है। इसकी नए सिरे से डिजाइनिंग की गई है, जिसमें इसके इतिहास और आधुनिकता का मिश्रण दिखता है। यहां बॉक्स स्टाइल और बार की सुविधा भी है। यहां मेंबर्स के आराम सुकून और पारिवारिक माहौल का खास ख्याल रखा गया है।